SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 15 Questions for Current Affairs 18/09/2019

Q1. हाल ही में जारी की गयी दुनिया के सबसे ज्यादा सुरक्षित शहरों की सूची में किस शहर को पहला स्थान मिला है?

क. न्यूयॉर्क

ख. टोक्यो

ग. दिल्ली

घ. शंघाई

हाल ही में जारी की गयी दुनिया के सबसे ज्यादा सुरक्षित शहरों की सूची में जापान की राजधानी टोक्यो को पहला स्थान मिला है. और विश्व के टॉप-10 शहरों

SarkariExam.Com

में 6 शहर एशिया-पेसिफिक क्षेत्र से थे .इस सूची में मुंबई को 45वा और दिल्ली को 52वा स्थान मिला है.

प्रश्न 2. पोर्ट ब्लेयर में भारत, सिंगापुर और किस देश के बीच पहला संयुक्त त्रिपक्षीय युद्धाभ्यास शुरु किया गया है?

क. अमेरिका

ख. चीन

ग. रूस

घ. थाईलैंड

प्रश्न 3. हाल ही में किसने भारत में पहली बार लड़कियों को फुटबॉल खिलाने का अभियान शुरू करने की घोषणा की है?

क. बीसीसीआई

ख. खेल मंत्रालय

ग. भारतीय खेल प्राधिकरण

घ. केंद्र सरकार

सही उत्तर देखे

हाल ही में भारतीय खेल प्राधिकरण ने भारत में पहली बार लड़कियों को फुटबॉल खिलाने का अभियान शुरू करने की घोषणा की है. अब और शहरों में बेटियां फुटबॉल खेलेंगी. भारतीय खेल प्राधिकरण इस अभियान की शुरुआत भारतीय फुटबॉल महासंघ के साथ मिलकर करेगी.

SarkariExam.Com

प्रश्न 4. सरकार ने एपीएमसी के जरिये कितने करोड़ रुपए से अधिक राशि के नकद भुगतान पर स्रोत पर टैक्स कटौती नहीं करने का फैसला किया है?

क. एक करोड़ रुपए

ख. 50 करोड़ रुपए

ग. 100 करोड़ रुपए

घ. 500 करोड़ रुपए

सरकार ने हाल ही में कृषि उपज मंडी समितियों (एपीएमसी) के जरिये एक करोड़ रुपए से अधिक राशि के नकद भुगतान पर स्रोत पर टैक्स कटौती नहीं करने का फैसला किया है. यह नया एक सितंबर से लागु हो गया है.

जरुर पढ़े: 18 सितम्बर की भारत और विश्व की कुछ प्रमुख ऐतिहासिक घटनाएं

प्रश्न 5. ऑक्सफोर्ड इंटरनेट इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट के मुतबिक किस देश में आज भी हर 5वां व्यक्ति इंटरनेट का इस्तेमाल नहीं करता है?

क. जापान

ख. चीन

ग. अमेरिका

घ. ब्रिटेन

ऑक्सफोर्ड इंटरनेट इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट के मुतबिक ब्रिटेन में आज भी हर 5वां व्यक्ति इंटरनेट का इस्तेमाल नहीं करता है. जिसमे काफी लोग बुजुर्ग और कम आय वाले हैं. सर्वे के मुताबिक इन्टरनेट नहीं इस्तेमाल करने वाली लोगो ने कहा है की वे अपनी इच्छा से ही इंटरनेट का इस्तेमाल नहीं करते हैं.

SarkariExam.Com

प्रश्न 6. भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और किस देश के राष्ट्रपति बोरूत पाहोर के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 7 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए है?

क. ऑस्ट्रलिया

ख. नार्वे

ग. तंज़ानिया

घ. स्लोवेनिया

भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और स्लोवेनिया के राष्ट्रपति बोरूत पाहोर के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 7 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए है. दोनों देशो के बीच निवेश, खेल, संस्कृति, स्वच्छ गंगा मिशन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहित अन्य समझौतों पर हस्ताक्षर हुए है.

प्रश्न 7. हाल ही में शुरु हुई दुनिया की सबसे बड़ी फुटबॉल लीग यूईएफए चैम्पियंस लीग में चैम्पियन बनाने वाली टीम को लगभग कितने करोड़ रुपए इनाम के तौर देने की घोषणा की गयी है?

क. 432 करोड़ रुपए

ख. 532 करोड़ रुपए

ग. 632 करोड़ रुपए

घ. 732 करोड़ रुपए

हाल ही में शुरु हुई दुनिया की सबसे बड़ी फुटबॉल लीग यूईएफए चैम्पियंस लीग में चैम्पियन बनाने वाली टीम को लगभग 632 करोड़ रुपए इनाम के तौर देने की

SarkariExam.Com

घोषणा की गयी है. इस 64 वर्ष पुराने टूर्नामेंट में 32 टीमें हिस्सा लेंगी. इस बार फाइनल मुकाबला इंस्ताबुल के अतातुर्क स्टेडियम पर 30 मई 2020 को खेला जाएगा.

प्रश्न 8. युनाइटेड ऑटो वर्कर्स श्रमिक संगठन ने किस कंपनी के खिलाफ अमेरिका में हड़ताल शुरू कर दी है?

क. हौंडा मोटर्स

ख. हुँदै मोटर्स

ग. जनरल मोटर्स

घ. टाइम्स मोटर्स

युनाइटेड ऑटो वर्कर्स श्रमिक संगठन ने हाल ही में जनरल मोटर्स के अमेरिका में हड़ताल शुरू कर दी है. अमेरिका के 9 राज्यों में स्थित 33 मैन्युफैक्चरिंग प्लांट के अलावा 22 पार्ट्स डिस्ट्रीब्यूशन वेयर हाउसेस के लगभग 49,000 कर्मचारी ने हड़ताल की है.

प्रश्न 9. टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में स्कॉटलैंड के जार्ज मुन्से और काइल कोएटजर ने तीसरे विकेट के लिए कितने रन की रिकॉर्ड साझेदारी की है?

क. 50 रन

ख. 100 रन

ग. 160 रन

घ. 200 रन

SarkariExam.Com

स्कॉटलैंड ने नीदरलैंड के खिलाफ हुए के टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में स्कॉटलैंड के जार्ज मुन्से और काइल कोएटजर ने तीसरे विकेट के लिए रिकॉर्ड 200 रन की साझेदारी की है. इस साझेदारी में मुन्से ने नाबाद 127 रन और काइल कोएटजर ने 89 रन की पारी खेली.

प्रश्न 10. ट्रेड वॉर के चलते कौन से देश की अर्थव्यवस्था में औद्योगिक उत्पादन 17 साल के निचले स्तर पर आ गया है?

क. ईरान

ख. अमेरिका

ग. चीन

घ. रूस

अमेरिका के साथ ट्रेड वॉर के चलते चीन की अर्थव्यवस्था में औद्योगिक उत्पादन 17 साल के निचले स्तर पर आ गया है. चीन में अगस्त महीने तक औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर भी पिछले साढ़े 17 साल के निचले स्तर पर आ गया है. आंकड़ों के चीन के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर जुलाई में 4.4 फीसदी रही है.

SarkariExam.Com

11. हाल ही में भारतीय नौसेना और किस देश की शाही नौसेना ने द्विपक्षीय सैन्याभ्यास 'समुद्र लक्ष्मण' में भाग लिया था?

a. मलेशिया

b. चीन

c. नेपाल

d. इराक

भारत की तरफ से नौसेना के दो जहाज़ों- INS सह्याद्रि और INS किलटन ने इसमें भाग लिया था. समुद्री चरण में सभी के लिये समुद्रों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के लिये दोनों नौसेनाओं के बीच अंतरसक्रियता बढ़ाने और अपने कौशल का विकास करने जैसे कार्यक्रम शामिल थे.

12. दूरदर्शन की स्थापना के हाल ही में कितने वर्ष पूरे हुए हैं?

a. 60

b. 55

c. 50

d. 45

15 सितम्बर, 2019 को दूरदर्शन की स्थापना के 60 वर्ष पूरे हो गये हैं, इस अवसर पर नई दिल्ली में एक समारोह का आयोजन किया गया, इस समारोह में केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने हिस्सा लिया. इस मौके पर एक विशेष डिजाईन युक्त डाक टिकट जारी किया गया.

SarkariExam.Com

13. निम्नलिखित में से कौन भारत की पहली महिला सैन्य राजनयिक बनी हैं?

a. विंग कमांडर आरती प्रजापति

b. विंग कमांडर अनन्या सेन

c. विंग कमांडर सुनंदा आर्या

d. विंग कमांडर अंजलि सिंह

विंग कमांडर अंजलि सिंह भारतीय वायुसेना की पहली महिला अधिकारी बन गई हैं जो विदेश में भारतीय मिशन में एक सैन्य राजनयिक के रूप में तैनात होंगी. अंजलि सिंह को रूस में भारतीय दूतावास में डिप्टी एयर अटैच के रूप में तैनात किया गया है. मिग-29 लड़ाकू विमान उड़ाने के लिए प्रशिक्षित सिंह ने 10 सितंबर को पदभार संभाला था.

14. स्वच्छ कोयला अनुसन्धान व विकास के लिए एक राष्ट्रीय केंद्र का उद्घाटन निम्नलिखित में से किस स्थान पर किया गया है?

a. IIT दिल्ली

b. IISc बेंगलुरू

c. IIM हैदराबाद

d. IIT रुड़की

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने बेंगलुरू के भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) में राष्ट्रीय स्वच्छ कोयला अनुसंधान एवं विकास केंद्र का उद्घाटन किया. भारतीय विज्ञान संस्थान में स्वच्छ कोयले पर बड़े पैमाने पर शोध किया जा रहा है, जो आनेवाले समय में देश के लिए बहुत फायदेमंद होगा. देश में स्वच्छ

SarkariExam.Com

कोयला उत्पादित किया जाना इसलिए जरूरी है ताकि इससे होने वाले प्रदूषण, अपशिष्ट और अन्य समस्याओं से निपटा जा सके.

15. अभियंता (Engineers) दिवस निम्न में से किस दिन मनाया जाता है?

a. 10 सितंबर

b. 12 सितंबर

c. 14 सितंबर

d. 15 सितंबर

अभियंता दिवस भारत के सुविख्यात इंजीनियर डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है. इस वर्ष उनकी 159 जयंती मनाई जा रही है. उनका जन्म 15 सितंबर 1861 में मैसूर में हुआ था. भारत सरकार ने वर्ष 1968 में उनकी जन्म तिथि को 'अभियंता दिवस' घोषित किया था. वर्ष 1955 में उनकी अभूतपूर्व तथा जनहितकारी उपलब्धियों के लिये उन्हें देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से नवाज़ा गया था.

SarkariExam.Com